BSNLEU

BSNL EMPLOYEES UNION

Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

P. Abhimanyu
General Secretary

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

बीएसएनएलईयू/102 (सर्कुलर संख्या 12/2022–25) 04 अगस्त, 2023

सेवा में

सर्किल सचिव,
केंद्रीय पदाधिकारी
और जिला सचिव

अखिल भारतीय बीएसएनएल कामकाजी महिला समन्वय समिति (बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी) की विस्तारित बैठक।

बीएसएनएलईयू के अखिल भारतीय केंद्र ने बीएसएनएल कामकाजी महिला समन्वय समिति (बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी) की एक विस्तारित बैठक 2 और 3 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी की अखिल भारतीय समिति के सदस्यों के अलावा बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी के सभी सर्किल संयोजक भी भाग लेंगे। इस दो दिवसीय बैठक में दिनांक 02.09.2023 को ट्रेड यूनियन क्लास का आयोजन किया जायेगा। बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी की विस्तारित बैठक 03.09.2023 को आयोजित की जाएगी। सीईसी बैठक के निर्णय के अनुसार, दिल्ली बैठक में भाग लेने वाले बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी के अखिल भारतीय समिति के सदस्यों और सर्किल संयोजकों का यात्रा व्यय बीएसएनएलईयू की संबंधित सर्किल यूनियनों द्वारा वहन करना होगा। सर्किल सचिवों से अनुरोध है कि दिल्ली बैठक में भाग लेने वाले साथियों की यात्रा टिकट बुक करने की व्यवस्था तत्काल करें। बीएसएनएल कामकाजी महिला समन्वय समिति के संयोजक ने बीएसएनएलडब्ल्यूडब्ल्यूसीसी की इस विस्तारित बैठक के लिए अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है।

हिंदी भाषी सर्किल के युवा कर्मचारियों के लिए ट्रेड यूनियन क्लास।

बीएसएनएलईयू की केंद्रीय कार्यकारी समिति और अखिल भारतीय केंद्र बार–बार हमारी यूनियन को मजबूत करने की दृष्टि से युवा साथियों को शिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। भारतीय स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पिछले वर्ष नई दिल्ली में दो दिवसीय क्लास का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में सीएचक्यू हिंदी भाषी सर्किल के युवा साथियों के लिए एक और क्लास का आयोजन कर रहा है। यह क्लास 09 और 10 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। भाषा की समस्या को ध्यान में रखते हुए हिंदी भाषी सर्किल के युवा साथियों के लिए यह क्लास आयोजित की जा रही है। अहिन्दी भाषी सर्किलों के संबंध में शीघ्र ही अलग से क्लास का आयोजन किया जायेगा। सर्किल सचिवों से अनुरोध है कि वे महासचिव के परामर्श से इस क्लास के लिए प्रतिभागियों की सूची को अंतिम रूप दें।

ठेका श्रमिकों के मुद्दों पर डिप्टी सीएलसी, आरएलसी और एलईओ (श्रम प्रवर्तन अधिकारी) के कार्यालयों तक मार्च।

ठेका श्रमिकों के मुद्दों पर दक्षिणी सर्किलों की एक बैठक 09.07.2023 को हैदराबाद में आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनांक 24.08.2023 को ठेका श्रमिकों के नौकरी सुरक्षा, न्यूनतम वेतन, ईपीएफ और ईएसआई का कार्यान्वयन जैसे ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए डिप्टी सीएलसी/आरएलसी/एलईओ के कार्यालयों तक मार्च निकाला जाए। बैठक के अंत में उपरोक्त मुद्दों पर डिप्टी सीएलसी/आरएलसी/एलईओ को एक ज्ञापन सौंपा जाना चाहिए। ज्ञापन की एक प्रति बीएसएनएल के संबंधित महाप्रबंधक को सौंपी जानी चाहिए, जो अनुबंध श्रमिकों के लिए प्रमुख नियोक्ता हैं। इस रैली के आयोजन हेतु पर्चा छपवाकर ठेका श्रमिकों के बीच वितरित कराया जाए। इन रैलियों में अधिक से अधिक संख्या में ठेका श्रमिकों को जुटाया जाए।
सभी सर्किल और जिला यूनियनों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन के लिए हर संभव प्रयास करें।

ट्रेड यूनियन इंटरनेशनल (परिवहन और संचार) का सम्मेलन 21 और 22 नवंबर, 2023 को ग्रीस में आयोजित किया जाएगा।

बीएसएनएल एम्पलॉईज यूनियन ट्रेड यूनियन इंटरनेशनल (परिवहन और संचार) में एक सक्रिय भागीदार है। टीयूआई के नेताओं में से एक कॉमरेड इल्हामी पिछले साल गुवाहाटी में आयोजित बीएसएनएलईयू के अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित करने के लिए तुर्की से आए थे। कॉम. पी. अभिमन्यु, महासचिव, बीएसएनएलईयू, इस ट्रेड यूनियन इंटरनेषनल के संचार क्षेत्र के संयोजक के रूप में कार्य कर रहे हैं। 11.07.2023 को आयोजित टीयूआई (परिवहन और संचार) की ऑनलाइन बैठक में, यह निर्णय लिया गया है कि, ट्रेड यूनियन इंटरनेशनल (परिवहन और संचार) का अगला सम्मेलन 21 और 22 नवंबर 2023 को ग्रीस के एथेंस में आयोजित किया जाएगा। PAME, ग्रीस का जुझारू ट्रेड यूनियन, इस सम्मेलन की मेजबानी कर रही है। 06 और 07 मई, 2023 को भोपाल में आयोजित बीएसएनएलईयू की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक ने निर्णय लिया है कि कॉम.पी. अभिमन्यु, महासचिव को इस सम्मेलन में भाग लेना चाहिए।

सधन्यवाद,

आपका

(पी अभिमन्यु)
जनरल सेक्रेट्री